Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 05-04-2023 अंक 532

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## बोलेरो और ट्रक की टक्कर में दस घायल, एक की मौत

### बूढ़े, बच्चे एवं महिला थी शामिल



**अपेम लाइव चंदवारा**

चंदवारा : जामूखांडी के नजदीक हुई बोलरो और ट्रक की टक्कर में चंद्रभूषण नायक उम्र 75 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बाकी बोलेरो में सवार अन्य दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का पहचान रामचंद्र साव उम्र 55 वर्ष पिता महादेव साव, रीता देवी उम्र 35 वर्ष पति नंदकिशोर प्रसाद एवं देवेंद्र कुमार उम्र 20 वर्ष पिता नंदकिशोर कुमार सहित अन्य शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग गायत्री परिवार का आठ कुंडली यज्ञ में शामिल होने कोड. रमा जा रहे थे। इसी क्रम में जामूखांडी के नजदीक ट्रक ने बोलेरो को अपने चपेट में ले लिया। आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को अलग – अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं चंदवारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

## मारपीट के मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज, एक को जेल



घायल मो मेराज

**अपेम लाइव : बरही**

आरएनआईएम कॉलेज के पास हुई मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी मो अली रजा पिता मो सेराज ने दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में डब्लू यादव, पिंटू यादव एवं चंदन यादव सहित चार अज्ञात युवाओं को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसमें पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारीबाग जेल भेज दी। दर्ज प्राथमिकी में वादी मो अली रजा ने बताया है की वे आरएनआईएम कॉलेज में इंटर की परीक्षा दे रहा था। परीक्षा के दौरान डब्लू यादव पोडैया निवासी ने उनके साथ गली गलौज किया था। मैने कुछ नही बोला। जब मैं परीक्षा देकर बाहर निकला तो उपरोक्त लोग मुझे और मेरे भाई मो मेराज के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। दोनो का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। पुलिस नामजद अभियुक्त पिंटू यादव हरला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हालांकि अभियुक्त की ओर से समझौता का प्रस्ताव रखा गया था। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रयास भी किया। लेकिन बात नही बनी । पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पुराने बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओ का ब्याज होगा माफ

**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : पुराने बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ता के लिए जेबीभीएनएल ने बड़े राहत की घोषणा की है। इसकी जानकारी देते हुए बरवाडीह स्थित बिजली विभाग के बड़ा बाबू गोपाल ने बताया कि वैसे उपभोक्ता जिनका बिजली बिल काफी समय से बाकी है उन्हें ब्याज नही लगेगा ।इसके लिए उन्हें बस आफिस पहुंच कर एक फॉर्म भरना ह ोगा ।जिसके बाद उन्हें ब्याज छोड़ कर एक मुश्त में बकाया राशि का भुगतान करना होगा। उन्होंने बकायेदारों से इस ब्याज माफी योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने किया बरही टॉल प्लाजा जाम, जाम की लगी लंबी कतार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द होने पर बरही कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने बरही विधायक उमाशंकर अकेला के अगुवाई में बुधवार दोपहर 11: 45 से लेकर लगभग 1:15 तक टॉल प्लाजा जाम एवं टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसके कारण लगभग दो किलोमीटर तक लंबी जाम लग गई। जाम के दौरान छोटे – छोटे प्राइवेट वाहनों में सवार लोग खासकर काफी परेशान दिखे। वहीं इस प्रदर्शन में कांग्रेस के दर्जनों युवा कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर लिए हुए थे। साथ ही उनका कहना था की जो भी भाजपा के खिलाफ आवाज उठाती है उसपर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते है। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की भाजपा राहुल गांधी के समर्थक को देखकर काफी घबरा गई है जिसके लिए उन्होंने मनमौजी तरीके से राहुल गांधी का लोकसभा का सदस्यता रद्द कर दिया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की भाजपा की सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है लेकिन भाजपाइयों को इस बात की चिंता नही है। वहीं विधि व्यवस्था को संभालने के लिए बरही एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर एवं बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो सहित बरही थाना के दर्जनों दल बल मौजूद थे। मौके पर यूथ कांग्रेस प्रभारी सह जिला महासचिव झारखंड प्रदेश मेहुल प्रसाद, युवा जिलाध्यक्ष प्रकाश यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इक्बाल रजा, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, महासचिव रितेश तिवारी, रवि सिंह, कमल राज, पप्पू यादव, प्रमुख मनोज रजक, कोडरमा पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहाय उर्फ पिंकू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली, अमित जयसवाल, 20 सूत्री सदस्य मीणा देवी, रघुवीर यादव, सुनील साहू, सेवादल विस अध्यक्ष उदय केसरी, मनोज कुमार, अमित साहू, अशोक सिंह, रेवाली पासवन, दिनेश यादव, विकास गुप्ता, पप्पू यादव, राजेश कुमार, प्रयाग प्रसाद, टिंकू केसरी, अंशुलक, जयंत तूरी, अशोक सिंह, राजेश यादव, रविंद्र कुमार, अशरफ अली, मनोज सिंह, मनजीत कुमार यादव, मनोज कुमार दास, मोहन प्रजापति, धीरू यादव, नवीन यादव, राजेश यादव, मनोज कुमार, सोनू दास, छोटेलाल गोप, देवा यादव सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

# रफ्तार का कहर, एक बच्ची की गई जान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहारःजिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है .बुधवार को तेज रफ्तार कार के कहर ने जिले के ब्रहमणी गांव के पास एनएच 75 पर एक बच्ची की जान ले ली ।घटना के विरोध में ग्रामीणों ने लगभग 2 घंटे तक सड़क को जाम रखा ।बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के पर सड़क जाम हटाया गया ।इस सम्बन्ध में परि. जनों ने बताया कि 11 वर्षीय बच्ची सुनैना कुमारी अपनी नानी के साथ पास की दुकान में सामान लेने जा रहे थी ।इसी दौरान रांची से डाल्टनगंज की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क के किनारे चल रही बच्ची को कुचल दिया ।घटना के बाद कार चालक तेज रफ्तार से डाल्टनगंज की ओर भाग गया ।इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना स्थल पर ही बच्ची के शव के साथ सड़क को जाम कर दिया ।सडक जाम की जानकारी मिलने पर चंदवा बीडीओ और चंदवा थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया ।हालांकि ग्रामीण किसी की कोई बात सुनने को तैयार नहीं थे। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए और वाहन को पकड़ा जाए ।घटना के बाद जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया ।उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए ।बाद में काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण समझे और अधिकारियों के आश्वासन पर सड़क जाम हटाया। वाहन को पुलिस ने किया जब्तः इसी बीच पुलिस ने घटना की सूचना विभिन्न थाना को भी दे दी थी ।सूचना के बाद पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान आरंभ किया गया और मनिका से दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को जब्त कर लिया गया ।इधर जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी वाली जगह पर स्पीड ब्रेकर बनाकर वाहनों की गति नियंत्रित की जाए ।वहीं बीडीओ ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत सभी प्रकार की सुविधा और मुआवजा दिया जाएगा।

# डायन विसाही मामले में 11 गिरफ्तार,अन्य की तलाश जारी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड थाना क्षेत्र के ओरसा पंचायत के भेड़ीगंझार गांव के ग्रामीणों ने एक सभा कर गांव के वृद्ध दंपत्ति लाली देवी और उसके पति धनेश्वर नगेसिया को डायन–कुप्रथा के आरोप में पहले भीड़ के सामने पीटा, फिर सिर मुड़वा दोनो को गांव में घुमाया गया था. इस पीड़ित वृद्ध दंपत्ति के फर्दबयान पर महुआडांड़ थाना में काण्ड संख्या 22/23 धारा तहत केश दर्ज कर किया गया। सूचना के सत्यापन उपरांत लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी अशुतोष यादव के नेतृत्व में एक टीम गठन कर भेड़ीगंझार गांव में जाकर घटना का सत्यापन करके डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत 14 लोगो पर प्राथमिकी एवं 70–80 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कि गई थी ।बुधवार को महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर के नेतृत्व में कांड के प्राथमिकी, अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम का गठन कर छापामारी अभियान चलाकर भेड़ीगंझार गांव से 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, डीएसपी राजेश कुजूर ने पीसी कर बताया कि अंधविश्वास को कानून नहीं मानता, गांव के लोग जागरूक बने, कानून को हाथ में लेने वाले जेल जाते हैं, गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है, अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में आशुतोष यादव, पुआनि संजय रतन, रौशन कुमार समेत सशस्त्र पुलिस बल मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में नए सत्र के शुभारंभ पर सामूहिक हवन कार्यक्रम का आयोजन

### नए सत्र में नई शिक्षा नीति के तहत होगी पढ़ाई : प्राचार्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में बुधवार को नए सत्र 2023 -24 का प्रारंभ सामूहिक हवन कार्यक्रम के साथ हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिक. ाओं ने भी भाग लिया। प्राचार्य ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं को गत वर्ष की सफल संचालन के लिए धन्यवाद एवम बधाईयां दी। प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों से अगले सत्र में नई क्रियाकलापों पर आधारित शिक्षण के लिए जोर दिया। प्राचार्य महोदय ने नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य ने विशेष तौर पर नई शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षण पद्धति को अपनाते हुए छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सामने यह लक्ष्य रखा की किस प्रकार वे गत वर्ष से और अधिक बेहतर कर सकने के लिए प्रयासरत रहें। बच्चों की सफलता में ही विद्यालय की सफलता है और तभी एक बेहतर समाज निर्मित होगा। मौके पर धर्मेंद्र सिंह, नरसिंह शर्मा, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, राजेश सिंह, मंटू गोप, रंजीत कुमार, रेखा सिंह, राजेश सिन्हा, दीपक शरण,अमित चतुर्वेदी, ललन यादव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## रानीचुवा : महुआ चुनने के लिए ग्रामीण जंगलों में लगा रहे आग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



वन प्रक्षेत्र बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुआं पंचायत के सभी गांवों के आस-पास के जंगलों में महुआ चुनने वाले ग्रामीणों द्वारा नित्यदिन आंधाधून आग लगाने की सूचना मिल रही है, लेकिन वन विभाग द्वारा ना तो उन्हे रो. कने का कार्य किया जा रहा है और ना ही लगे हुए आग को बुझाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त बाते रानीचुआं पंचायत के स्थानीय मुखिय मुर्ती देवी ने प्रेस बयान जारी कर बताया। उन्होंने उक्त समस्या के विषय में बताते हुए कहा कि वन विभाग वन भूमि, वन एवं वन जंगलों में रह रहे लोगो व जानवरों की रक्षा सुरक्षा के लिए है लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण सभी चीजे नष्ट हो रही है और विभाग गहरी नींद में सोई हुई है, यही कारण है कि धीरे धीरे क्षेत्र के वन और पर्यावरण नष्ट होने के कगार पर है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विहिप की शोभायात्रा कल,तैयारी पूरी

### अधिक से अधिक सनातनी शोभायात्रा में शामिल हों : नंदकिशोर

### शाम छह बजे भगवती मंदिर में होगा हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती : सुरेंद्र रजक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



नंदकिशोर कुमार एवं गुरुदेव गुप्ता

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त अग्रदूत महा बलशाली बुद्धि और ज्ञान के धनी श्री हनुमान जी के अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बरही के द्वारा आज 6 अप्रैल को प्रातः 7रू30 बजे से नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाला जाएगा। इस सं. बंध में जानकारी देते हुए विहिप के प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार एवं जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया की शोभा यात्रा के साथ-साथ धनबाद रोड स्थित बजरंगबली मंदिर पर हनुमान आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस हेतु विश्व हिंदू परिषद ने अधिक से अधिक सनातनियों को बरही प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में प्रातः 7:00 बजे से एकत्रित होने का आह्वान किया है। श्री हनुमान जन्मोत्सव की जानकारी जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर ने संयुक्त रूप से बताया कि चौत्र पूर्णिमा के दिन पर प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्म हुआ था । जो अतुलित बल के सागर, ज्ञान के भंडार एवं सभी प्रकार की शक्तियों से संपन्न थे। जिन्होंने अपनी सभी ज्ञानेंद्रियों पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्री राम की अनन्य भक्ति की। ऐसे महाज्ञानी परम भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के द्वारा बरही नगर क्षेत्र में शोभा यात्रा एवं नगर भ्रमण का कार्यक्रम तय किया गया है । इसके साथ ही भगवती मंदिर सेवा संस्थान की ओर से भी भगवती मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस बाबत सुरेंद्र रजक ने बताया की 6 अप्रैल को शाम छह बजे से हनुमान चालीसा पाठ के साथ पूजन कार्यक्रम होगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पहुंचे लातेहार,कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास बुधवार को जिला मुख्यालय के थाना चौक के समीप तेली मोहल्ला में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद के आवास पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने श्री दास का बुके और अंग वस्त्र दे कर स्वागत किया।ज्ञात हो कि रघुवर दास जिस बूथ में पहुंचे थें, वहां बीजेपी कभी नहीं हारी है। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार जनता से किये वादे को पूरा करने में विफल साबित हुई है। इनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। रोजगार के अभाव में नवयुवक दूसरे प्रदेश में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की वि. फलताओं को लेकर आम जनों के पास जाएं और ग्रामीणों की आवाज बनने का कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता ग्रामीणों के बीच जाएं और उनकी समस्या को सुने। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री हरीकृष्णा सिंह जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा गोविंद प्रसाद,राजू प्रसाद,मंडल गोविंद प्रसाद,राजू प्रसाद,सुधा देवी, राजेन्द्र प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद,राजधानी यादव,पंकज सिंह,विष्णु गुप्ता,बद्री प्रसाद बसंत प्रसाद ,राजन तिवारी,पवन गुप्ता रंजित प्रसाद रवींद्र प्रजापति पिंटू प्रसाद,धुर्व पांडेय,राजकुमार प्रसाद,शिवनाथ मेहता, अवधेश चन्द्रवंशी,समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक उमाशंकर अकेला ने किया इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन हेल्थ स्वस्थ केंद्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह स्टेशन के निकट इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के तहत निशुल्क स्वस्थ चिकित्सा उपचार केंद्र का प्रारंभ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष रामधन यादव शामिल हुए। स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के तथा अर्ध शहरी क्षेत्र के वैसे मरीज जो बीमारी से ग्रसित है, जैसे आंखों में समस्या बहरापन, कटे हुए होंठ जैसे ग्रसित बीमारियों का निशुल्क उपचार किया जाएगा। फाउंडेशन मुंबई से आकर रोगियों का इलाज कर रही है तथा इस कैंप में दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता एवं उड़ीसा के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उपचार आगामी 25 अप्रैल तक किया जाएगा। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन को धन्यवाद देना चाहता हूं जो ग्रामीण क्षेत्रों में आकर ग्रामीणों को उपचार कर रही है साथ ही बताया कि इसमें केंद्रीय सरकार का सहयोग नहीं है यह एक एनजीओ का काम है जो हर कोई एनजीओ के माध्यम से ऐसा कर सकता है इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए। मौके पर कोडरमा डीडीसी, प्रखंड प्रमुख मंजू देवी, प्रखंड विकास पदा. धिकारी संजय कुमार यादव, अंचल अधिकारी रामरतन बर्नवाल, पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम, पश्चिमी जीप प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा, पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव, समाजसेवी लीलावती देवी, विनोद राम, महेंद्र यादव एवं अशोक सिंह सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी विनोद यादव के सकुशल रिहाई के लिए उनके समर्थकों ने की सूर्य मंदिर बरही में हवन पूजन

### राजनीतिक साजिश के शिकार बिनोद यादव को ऊपरी न्यायलय से मिलेगा न्याय, हर पंचायत में होगा हवन पूजन : हरि गुप्ता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रिहाई को लेकर हवन पूजन करते समर्थक

केदारुत निवासी एवं वरिष्ठ समाजसेवी बिनोद यादव की सकुशल रिहाई को लेकर व्रत पूर्णिमा के शुभ अवसर पर उनके शुभचिंतकों एवं समर्थकों ने प्रखंड के सूर्यमंदिर परिसर में हवन पूजन किया। हवन पूजन कार्यक्रम का नेतृत्व हरी प्रसाद गुप्ता ने किया। हवन पूजन कर बिनोद यादव की रिहाई की कामना की गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा की वरिष्ठ समाजसेवी बिनोद कुमार यादव दबे, कुचले, शोषित दलित, पीड़ित का आवाज हमेशा बुलंद करने वाले नेता थे। लेकिन उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फसाने का काम किया गया । हरी प्रसाद गुप्ता ने कहा विनोद कुमार यादव समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति को उचित मान-सम्मान न्याय दिलाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते थे। मुझे पूर्ण विश्वास है ऊपरी अदालत से न्याय उन्हे जरूर मिलेगा। श्री गुप्ता ने आगे कहां है हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन बरही प्रखंड के सभी पंचायतों में होगा। हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से हरी प्रसाद गुप्ता, यमुना यादव, नरेश सिंह, कुणाल कतरियार ,प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार, (मुखिया करियातपुर) बा. सुदेव यादव, अमित जयसवाल उर्फ बिट्टू ,मनोहर यादव ,मास्टर शरीफुल हक, सुशील केसरी उर्फ मोनू, राजेंद्र मद्धेशिया ,रघुनंदन गोप, देवचंद यादव ,गाजो यादव, सरयू गोप, प्रयाग प्रसाद, प्रयाग यादव (पी हाइड्रोलिक), इंद्रदेव यादव, रोहित यादव, राजू राणा, टिंकू केसरी, मोहन प्रजापति(युवा समाजसेवी), विशाल यादव, विशाल मंडल, पवन सिंह ,वीरेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव ,सुनील कुमार ,तपेश्वर भारती, प्यारी भुइयां, भुनेश्वर यादव, मिंटू यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बरही की जनता को आश्वाशन नही पानी चाहिए : सुषमा विश्वकर्मा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


सुषमा विश्वकर्मा

बरही भाजपा की सक्रिय महिला नेता सुषमा उर्फ रिंकी विश्वकर्मा ने कहा की गर्मी के दस्तक के साथ ही बरही सहित आस - पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या गहराने की उम्मीद है। रोजमर्रा के कामों के लिए लोगों को दूर - दराज से पानी लाना पड़ेगा। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ सकता है। कहा की क्षेत्र में कई ऐसे चापाकाल भी खराब हो गए है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की बरही हजारीबाग रोड में करोड़ो के लागत से बनी पानी की टंकी वर्तमान में सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। जिसको लेकर उन्होंने बरही विधायक उमाशंकर अकेला से कहा कि बरही की जनता को पानी के लिए अब और कितना इंतजार करना होगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अब चुनाव नजदीक है तो आश्वाशन देंगे ही और अब उन्हें शायद जनता का दर्द भी बारीकी से दिखेगी। चुनाव जो लड़नी है। उन्होंने कड़ी शब्दों में कहा की बरहीवासियों को आश्वाशन नही पानी चाहिए। वहीं पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता विमल कुमार ने बताया की इस समस्या को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और मई के महीना में काम शुरू कर दिया जायेगा

## दसवीं के छात्रो को विदाई दी गई

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो. रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड के अनुसुचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय में बुधवार समारोह आयोजित कर दसवीं के छात्रो को विदाई दी गई।विदाई समारोह का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरजाराम ने दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह में दसवीं के छात्रो ने अपने स्कूली सफर अनुभव अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा किया।इस दौरान शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्रों के द्वारा वर्ग दसवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई।






## प्रखंड के 6 वरिष्ठ कांग्रेसियों को जिला कांग्रेस में दी गई जगह, बधाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**








बड़कागांव : झारखंड कांग्रेस ने बड़कागांव प्रखंड के 6 वरिष्ठ कांग्रेसियों की संगठन से संबंधित बेहतर कार्यकलाप को देखते हुए को जिला कांग्रेस में जगह दी गई है। जिला कांग्रेस पद विस्तार में रामसेवक सोनी एवं कजरू साव को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष, पंकज गुप्ता , शेख अब्दुल्ला एवं कृष्णा सिंह को जिला कांग्रेस महासचिव वही राजेश गुप्ता को जिला कांग्रेस सचिव पद से मनोनीत किया गया है। मनोनीत नए पदाधिकारीयों ने कहा कि अपने कार्य का निर्वाह पार्टी संगठन को मजबूत करने में करूंगा, डोर टू डोर जाकर कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। वहीं इन लोगों को जिला कांग्रेस में पद दिए जाने पर प्रखंड के कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर किया है एवं उन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, संजय कुमार, सुरेश महतो ,जमाल सगीर, सुरेश चौधरी, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, छोटे खान, दशरथ महतो, पदुम साव, मोहम्मद शमीम, श्याम भार्गव ,अशोक सिंह, बसंत नारायण सिंह ,आशीष चक्रवर्ती के अलावा कई कांग्रेसी शामिल हैं।

## 24 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय चंदनडीह स्थित प्रज्ञा कुंज में बुधवार को चार दिवसीय 24 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा कुंज से निकल कर मुख्य पथ से होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा धर्मपुर होते हुए महायज्ञ स्थल पहुंची। यहां कलशों की स्थापना कर पूजा अर्चना शुरु की गई। कलश यात्रा में लोगों ने गायत्री मंत्रों का जाप किया। ज्ञात हो कि इस महायज्ञ में शाम में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अनुष्ठान में कई संस्कार भी संपन्न कराये जाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता चेतलाल रामदास, राजधनी प्रसाद यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, लातेहार विधायक की पत्नी सीमा राय, अधिवक्ता संजय कुमार, राजन तिवारी, समाजसेवी मुरारी प्रसाद, ध्रुव कुमार पांडेय, संतोष पासवान, लव कुमार तिवारी, अशोक प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, सुशीला देवी, पुष्पा देवी, अशोक प्रसाद, संदीप प्रसाद, जवाहर प्रसाद व बबन पासवान, चंदन कुमार, भोला प्रसाद , संदीप कुमार , रितेश कुमार निक्कू समेत कई लोग शामिल थे।

## आजसू ने चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो का मनाया शहादत दिवस

### अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी देगी धरना : अमित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : आजसू पार्टी के द्वारा जिला कार्यालय मे चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने की।इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने महान स्वतंत्रता सेनानी तथा जल, जंगल और जमीन के लिए अपनी आवाज़ बुलंद करनेवाले क्रांतिकारी एवं झारखंड के वीर सपूत रघुनाथ महतो की जयंती पर कोटि-कोटि नमन तथा समस्त राज्यवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की अनंत शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि लातेहार अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी गुरुवार 6 अप्रैल को व्यापक जन आक्रोश रैली निकालेगी जो बाजार टाड निकलकर समाहरणालय परिसर में पहुंचेगी और यह रैली एक दिवसीय धरना का रूप लेगी तथा इस फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगी। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि जिले के सभी वैसे लोग जो अंचल के कार्यप्रणाली से त्रस्त है वह भी इस कार्यक्रम में शामिल हा. ेंगे।मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान,प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, संजय कुमार तिवारी, प्रितम कुमार गुप्ता, ताज मोहमद, एस एस यादव, दिपक प्रजापति, नबू भुइंया, बिनोद यादव, अजय मांझी,आरती देवी, राहुल कुमार पांडे, नानू भुइंया, मनोज भुइयां, रीमा देवी, सुलेखा देवी ,रिजवाना खातून, प्रतिभा देवी ,चिंता देवी ,पूजा देवी आदि कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## जामडीह ग्राम सभा का पूर्णगठन, भरत नगेसिया चुनें गये ग्राम प्रधान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो. रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड के ओरसा पंचायत के जामडीह गांव में एक बड़ा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां सर्व सहमति से जामडीह ग्राम सभा का पूर्णगठन किया गया।जिसमें भरत नगेसिया को ग्राम प्रधान एवं बंधन नगेसिया ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, सीता नगेसिया सर्वजनिक संपदा समिति अध्यक्ष, जितु नगेसिया कृषि समिति अध्यक्ष, मंगनी नगेसिया स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष, धुधवा नगेसिया ग्राम रक्षा समिति अध्यक्ष, शंकर नगेसिया आधारभूत संरचना समिति अध्यक्ष, भूषण नगेसिया शिक्षा व न्याय समिति के अध्यक्ष और अनिता नगेसिया को निगरानी समिति के अध्यक्ष चुना गया।ज्ञात हो जामडीह के ग्राम प्रधान की मृत्यु तीन वर्ष पूर्व हो गई थी। उसके वंशजों ने ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया था। जामडीह ग्राम सभा के आठ समितियों में कुल 40 पदा. धिकारियों का चुनाव किया गया। 33 प्रतिशत से अधिक महिलाएं है। ग्राम सभा के लोगों ने पेशा कानून 1996 की धाराओं के आलोक में जामडीह ग्राम सभा का पूर्णगठन किया। ग्राम सभा के पूर्ण गठन में सुनील मिंज, फिलिप कुजूर, नरेंद्र नगेसिया ने मुख्य भूमिका निभाई। ग्राम सभा में गांव के पुरुष एवं महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रहें।

UDISE CODE - 20040105606 — Arise Awake & Achieve

**SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY**

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

**Career Opportunities**

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

**TEACHER REQUIREMENT**

| Sl. No. | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate<br>Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate<br>+B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683

**RAINBOW SCHOOL BARHI**

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डॉ निजामुद्दीन अंसारी बने कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


डॉ निजामुद्दीन अंसारी

बरही में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक उमाशंकर अकेला के मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी को जिला कांग्रेस कमेटी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। उनका मनोनयन जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव एवं जिला प्रभारी ने किया है। मनोनयन पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने डॉ निजामुद्दीन पर विश्वास जताते हुए उन्हें पार्टी की मजबूती प्रदान करने तथा पार्टी की नीति एवं सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने का निर्देश भी दिया। डॉ निजामउद्दीन ने जिलाध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की जो जिम्मेदारी उन्हे दी गई है, उस जिम्मेवारी का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करेंगे। जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक उमाशंकर अकेला,अशोक सिंह, राजेश यादव, रविंद्र कुमार, अशरफ अली, मनोज सिंह, मनजीत कुमार यादव, मनोज कुमार दास, मोहन प्रजापति, धीरू यादव, नवीन यादव, राजेश यादव, मनोज कुमार, सोनू दास, छोटेलाल गोप, देवा यादवअशरफ अली, अमित जयसवाल, 20 सूत्री सदस्य मीणा देवी, रघुवीर यादव, सुनील साहू, सेवादल विस अध्यक्ष उदय केसरी, मनोज कुमार, अमित साहू, अशोक सिंह, रेवाली पासवन, दिनेश यादव, विकास गुप्ता, पप्पू यादव, राजेश कुमार, प्रयाग प्रसाद ने बधाई दी है।

## जिला स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला स्थापना दिवस के अवसर पर टाउन ह०ल में मंगलवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाट्न उपायुक्त भोर सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 13 स्कूल के विद्यार्थियों ने अलग अलग थीम पर नृत्य, संगीत पर प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के समूह ग्रुप में कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय, लातेहार को प्रथम, कस्तूरबा गांधी विद्यालय बालूमाथ को द्वितीय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय चंदवा को त्रितीय पुरस्कार दिया गया। एकल में निशि रानी ने प्रथम, नव्या राजपूत ने द्वितीय व ऋषिका रंजन ने त्रितीय पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंच का संच.ालन आशीष टैगोर ने किया।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने शहीद रघुनाथ महतो के पुण्यतिथि मनाई, दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव गुरु चट्टी स्थित आजसू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में शहीद रघुनाथ महतो के पुण्यतिथि मनाई गई। आजसू कार्यकर्ताओं ने रघुनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि रघुनाथ महतो ने भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ जमकर लड़ाई लड़े थे। भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे। जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। वही प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ समाज के लिए अपनी कुर्बानी दी थी। काला कानून व्यवस्था के खिलाफ रघुनाथ महतो ने ग्रामीणों को एकजुट कर तत्कालीन एक शस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया था। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, जिला सचिव दिनेश कुमार, तुलेश्वर राम, सनी कुमार, हीरा महतो, कमलेश कसेरा ,भुनेश्वर महतो, डॉलेश्वर कुमार, प्रकाश कुमार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।










डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार
सहयोगी: सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार